भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 599
सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों के लिए योजनाएं

599. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री कृपाल बालाजी तुमाने:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में विदेशी पर्यटकों और पर्यटन के विकास हेतु कोई योजना बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय के पास विगत तीन वर्षों के दौरान पर्यटक वीजा पर देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के संबंध में रिकार्ड है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने भारत में बसने के इच्छुक पश्चिमी देशों के पर्यटकों सहित विदेशी पर्यटकों का संज्ञान लिया है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(च) क्या सरकार का विचार कुछ राज्य सरकारों द्वारा भारतीय नागरिकों के लिए भ्रमण कार्यक्रमों की तर्ज पर विदेशी पर्यटकों के लिए कोई यात्रा कार्यक्रम शुरू करने का है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन करने हेतु पर्यटन सृजक बाजारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। इन उद्देश्यों को एक एकीकृत विपणन तथा प्रचार रणनीति और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों तथा भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है। भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का संवर्धन करने के लिए सरकार उद्योग विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ लगातार बातचीत करती है और उनके सुझावों एवं प्रतिक्रिया पर विचार करती है।

पर्यटन मंत्रालय ने विदेशी पर्यटकों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं जैसे कि 24x7 टोल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन, 5 उप-श्रेणियों में ई-वीजा की सुविधा प्रदान करना अर्थात ई-पर्यटक वीजा, ई-बिजनेस वीजा, ई-मेडिकल वीजा, ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा और 167 देशों के नागरिकों के लिए ई-कॉनफ्रेंस वीजा और ई-वीजा को और अधिक उदार बनाया गया है तथा वीजा के शुल्क में काफी कमी की गई है। स्मारकों पर पर्यटकों के लिए सुविधाओं में सुधार करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने विरासत स्थलों/स्मारकों और अन्य पर्यटक स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं के विकास और रखरखाव के लिए निजी क्षेत्र के सामंजस्य से 'एडॉप्ट ए हेरिटेज प्रोजेक्ट' शुरू किया है। इसके अलावा, मंत्रालय विशिष्ट रुचि वाले पर्यटकों को आकर्षित करने तथा उन विशिष्ट उत्पादों के लिए बार-बार यात्रा को सुनिश्चित करने के लिए ‘निश पर्यटन’ उत्पादों का विकास और संवर्धन भी कर रहा है जिनमें भारत को तुलनात्मक लाभ प्राप्त है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटकों के आगमन का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| वर्ष | भारत में एफटीए (मिलियन में) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत (%) परिवर्तन |
|---|---|---|
| 2020 | 2.74 | -74.9 |
| 2021 | 1.52 | -44.5 |
| 2022 | 6.19 | 305.4 |

पर्यटकों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय अखिल भारतीय अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता प्रमाणन कार्यक्रम (आईआईटीएफ) चला रहा है, जोकि एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में उच्च प्रशिक्षित और पेशेवर पर्यटक सुविधाप्रदाताओं / गाइडों का एक पूल बनाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन शिक्षण मंच का निर्माण करना है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यटकों के आगमन में वृद्धि करने के लिए "अतुल्य भारत! विजिट इंडिया ईयर 2023" घोषित किया है।

******